तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 23 जून 2024



12 188 बटालियन सीआरपीएफ ने किया योगाभ्यास





13 स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरीः सांसद






## खबर संक्षेप



### मानसून पूर्व बिजली लाइन की कंपनी ने की मरम्मत

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शहर में लाईन का मानसून पूर्व रखरखाव, संधारण कार्य के लिए शनिवार की सुबह 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसमें सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता बीएस उरांव, दीपिका पटेल, डीसी मांझी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मेंटनेंस किया। इससे कृष्णा पेट्रोल पम्प, नयापारा, लालचर्च, 36 क्वाटर, चंदनी चौक, महारानी अस्पताल, महारानी वार्ड, प्रतापदेव वार्ड, बैलाबाजार, अनुपमा चौक, गीदम रोड, नए बस स्टैंड क्षेत्र, राजेन्द्र नगर वार्ड, गांधी नगर वार्ड, राउतपारा, केवटपारा, गंगामुंडा, कृष्णा पेट्रोल पंप, दंतेश्वरी वार्ड, शीतला होटल के पीछे का क्षेत्र, अग्रसेन चौक क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### संत कबीर के सतमार्ग का अनुसरण करें : किरणदेव



**जगदलपुर।** कबीर जयंती पर शनिवार को नगरनार मंडल के ग्राम माड़पाल में पनका समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव शामिल हुये। उन्होंने संत कबीर दास के बताए सतमार्ग पर चलने और उनके संदेश को जन-जन को आत्मसात करने की बात कही। विधायक का पारंपरिक रूप से माड़पाल ग्राम में स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि कबीर दास के दोहे को पढ़कर विषयों को समझ कर अपने जीवन में पालन करना चाहिए। संत कबीर दास ने सभी वर्गों को साथ लेकर सभी के हित में कार्य किया। समाज ने जो मांगें रखी शेष पेज 12 पर

# चंदन जात्रा का शुभारंभ, अनसर काल में प्रभु जगन्नाथ के नहीं होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व में देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान 22 जून को शुभ मुहर्त में 12.30 बजे से प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों द्वारा भगवान शालिग्राम को ग्राम आसना से जगन्नाथ मंदिर लाने की परंपरा के निर्वहन के बाद इंद्रावती नदी के महादेव घाट से पवित्र जल की पूजा उपरांत श्रीजगन्नाथ मंदिर लाया गया। तत्पश्चात शताब्दियों पुरानी परंपरानुसार भगवान शालीग्राम का पंचामृत, चंदन एवं इंद्रावती नदी के पवित्र जल से अभिषेक कर विधि-विधान से उतारकर नीचे स्थापित कर देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान संपन्न किया जाकर भगवान के 22 विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किया किया गया। प्रभु जगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किये जाने के साथ ही भगवान का अनसर काल प्रारंभ होकर 5 जुलाई तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रभु जगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र का दर्शन वर्जित होगा, 6 जुलाई को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के दर्शन लाभ श्रद्धालुओं को श्रीमंदिर के बाहर होगें। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण शेष पेज 12 पर

## चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा पर्व का हुआ शुभारंभ

भगवान शालीग्राम का पंचामृत, चंदन एवं इंद्रावती नदी के पवित्र जल से अभिषेक संपन्न



### भगवान को औषधियुक्त भोग

बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान में भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र का चंदन से अभिषेक होने पर चंदन के ठंडे तासीर के कारण वे अस्वस्थ हो जाते हैं। भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के अस्वस्थता के इस समय को अनसर काल कहा जाता है। अनसर काल के दौरान भगवान के अस्वस्थता की स्थिति में दर्शन करना अनुचित माना गया है, इस वजह से दर्शन वर्जित होते हैं। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि भगवान जगन्नाथ अपने श्रद्धालुओं के वर्ष भर स्वस्थता के आशीष के लिए स्वयं अस्वस्थ होकर सभी के स्वास्थ्य के लिए औषधियुक्त भोग ग्रहण कर औषधियुक्त प्रसाद उपलब्ध करवाते हैं।

## आरोप : पार्षद राजेश राय ने कई बार की शिकायत पर ध्यान नहीं दिया

# डेंजर जोन में चिन्हित गंगानगर वार्ड को डुबाने क्षेत्र में झोकने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- हल्की बारिश से अनेक मार्ग में जलभराव की स्थिति निर्मित

गंगानगर वार्ड में बारिश में पिछले कुछ वर्षों से डेंजर जोन में वार्ड चिन्हित है। पार्षद तथ्यात्मक और बारिश के दौरान डुबान क्षेत्र की वीडियोग्राफी प्रमाण के साथ नगर निगम को अनेक मर्तबा लिखित और मौखिक रूप से ध्यानाकर्षण कराया है। पार्षद ने इस गम्भीर मुद्दे को सामान्य सभा और पूर्व नगर कांग्रेस सरकार के एमआईसी बैठक में भी गंगानगर वार्ड के तालाब तट के डुबान क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त करने ध्यानाकर्षण किया था। पार्षद की आशंका सही साबित हुई 4 दिन पूर्व शेष पेज 12 पर





### जानकारी देने के बाद भी स्थिति जस की तस

गंगा मुंडा तालाब के आउटलेट के बड़े नाले एवं वार्ड के बड़े नालों व गीदम रोड की बड़ी पुलिया की सफाई के संबंध में आयुक्त को पूर्व में भी जानकारी दी गई थी। लेकिन आज पर्यन्त न तो गंगामुंडा आउटलेट की सफाई हो पाई है और न ही वार्ड के बड़े नालों की सफाई हो पाई है। स्थिति ऐसी निर्मित है कि गीदम रोड की बड़ी पुलिया के भीतर कचरे से पूरा जाम है। जिससे समुचित जल निकासी नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से वार्ड में बारिश में जल भराव की समस्या उत्पन्न होगी।

### जलभराव के लिए जिम्मेदार होंगे आयुक्त

वार्ड पार्षद ने कहा कि जिम्मेदारों को बार-बार आग्रह करने पर भी उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया और आयुक्त से भी बार-बार आग्रह करने के बाद भी उचित कार्रवाई नही की गई। अगर गंगानगर वार्ड में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसके जिम्मेदार आयुक्त होंगे।

### मेन्यूली और जेसीबी से सफाई दो-दो बार हुई

वार्ड के जल भराव समस्या से निपटने बारिश के पूर्व और हाल ही में बड़े नालों और वड़े पुलिया की सफाई जेसीबी और मेन्यूली ढंग से दो-दो मर्तबा की गई है। आने वाले समय मे यह सफाई अभियान जारी रहेगा। वार्ड में यदि कही ऐसी समस्या है, तो मेरे संज्ञान में आएगा तो निश्चित रूप से उचित पहल किया जाएगा।

- **हरेश मंडावी,** आयुक्त नगर निगम

# जिप्सी सेवा बंद, बेरोजगार चालक खेतों में चला रहे हल





महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

**अलग खबर**

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का नाम कांगेर नदी के नाम पर पड़ा है, कांगेर घाटी 200 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है। कांगेर घाटी को वर्ष 1982 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला था। यह ऊंचे पहाड़ों, गहरी घाटियों, विशालकाय वृक्षों और विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवन के लिए अनुकूल स्थान है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान एक विशिष्ट मिश्रित आर्द्र पर्णपाती प्रकार का वन है, जिसमें साल, सागौन और बांस के वृक्ष प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र की सबसे लोकप्रिय प्रजाति बस्तर मैना है जो अपनी मानव आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है। राज्य पक्षी बस्तर मैना एक प्रकार का पहाड़ी मैना (ग्रुनकुला धारियोसोआ) है, जो मानव आवाज की नकल करने में सक्षम है। जंगल प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का घर है। यहां वन विभाग की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिए समिति के माध्यम से 35 जिप्सी चलाया जा रहा है। वर्षा ऋतु तथा वन्यजीव प्रबंधन के मद्देनजर कांगेर घाटी नेशनल पार्क में जिप्सी संचालन को पर्यटकों की सुरक्षा हेतु 16 जून से बंद शेष पेज 12 पर

# एनटीए निट स्कैम पर अभाविप बिफरी, एजेंसी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर गेट में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी का विरोध करते हुए पुतला दहन किया। जिला संयोजक शैलेष धुरव ने कहा कि एनटीए ने सीएसआईआर नेट परीक्षा को भी रद्द कर दिया है। देश की इतनी बड़ी एजेंसी में इस प्रकार की अनियमिताएं हाल ही में एनटीए निट स्कैम को लेकर और शर्मसार करने वाली खबर सामने आई थी। कुछ छात्रों ने 718 और 719 अंक प्राप्त किए हैं, जो सांख्यिकीय रूप से संदिग्ध है। इन छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के लिए कोई परिभाषित तर्क नहीं है। 67 छात्रों ने 720 में से पूर्ण 720 अंक प्राप्त किए, जो अत्यधिक संदिग्ध है। यह रिजल्ट इतिहास में कभी नहीं हुआ था। आमतौर पर केवल तीन से चार छात्र ही रैंक 1 प्राप्त कर पाते थे। इसके अलावा इनमें से 67 छात्रों में से सात छात्र, हरियाणा शेष पेज 12 पर



पूर्व तट रेल जोन के महाप्रबंधक ने केके लाइन के स्टेशनों का किया निरीक्षण

# जियोलॉजिकल जांच रिपोर्ट के अनुसार घाट सेक्शन में सुरक्षा के पर्याप्त है उपायः जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- स्टेशनों में साफ-सफाई व अन्य विकास कार्यों पर जताई संतुष्टि

ईस्ट कोस्ट रेल जोन के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल केके और केआर रेल लाइन के विभिन्न स्टेशनों के अधोसंरचना विकास कार्य, रेल लाइन दोहरीकरण कार्य और केके लाइन में अमृत भारत स्टेशनों में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण में विशाखापटनम रेल मंडल में सम्मलित दर्जनों स्टेशनों के साफ-सफाई और निर्माण कार्य समेत यात्री रेल सुविधा विस्तार कार्य में संतुष्टि जताई। तीन दिवसीय दौरे पर जगदलपुर पहुंचे रेल जीएम ने जगदलपुर स्टेशन निरीक्षण पश्चात मीडिया से रूबरू हुए। ईको रेलवे घाट सेक्शन की जियोलॉजिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षा के उपाय किए गए है, जिसका स्थल निरीक्षण के बाद संतोषजनक उपाय का अवलोकन में विशाखापटनम रेल मंडल की तारीफ की। ताकि बारिश के दिनों में लेंड स्लाइड को रोकने कदम उठाए जा सकें। यह बात ईको रेलवे के जीएम ने यह बात कही। मालूम हो कि पिछले वर्ष बारिश में मनाबार-जरटी घाट सेक्शन में भारी बारिश से लेंड स्लाइड भू-स्खलन की घटना से रेल पटरी के ऊपर 100 मीटर मलबा और शेष पेज 12 पर












## खबर संक्षेप



### बाइक की ठोकर से घायल ट्रक चालक को अज्ञात वाहन ने कुचला हुई मौत

**फरसगांव।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 फरसगांव बोरगांव के पास शनिवार सुबह लगभग 4 बजे अज्ञात वाहन के कुचलने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई । पुलिस ने मृतक के जेब मे मिले आधार कार्ड अनुसार मृतक की पहचान दीनानाथ पिता कन्हैया लाल ग्राम खरखाखास, इलाहाबाद उत्तरप्रदेश के रूप में कई गई। बताया जा रहा है मृतक रायपुर से ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडडी 6080 में नमक लोड कर दोरनापाल छोड़ने जाने निकला था, रास्ते मे बोरगांव ढाबा के पास सड़क किनारे ट्रक को खड़े कर सड़क पार कर रहा था । तभी अचानक अज्ञात बाइक सवार ने उसे ठक्कर मारी जिससे वह रोड में गिर गया, जिसके बाद पीछे से आ रही अन्य अज्ञात वाहन ने उसे कुचलते हुए फरार हो गया , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । घटना की जानकारी लगते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर सड़क में पड़े शव को शव वाहन से मरचुरी भिजवाया । और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई । पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया । थाना प्रभारी नरेश साहू ने बताया कि घटना जानकारी लगते ही तत्काल मौके पहुंचकर आसपास लोगों से पूछताछ कर दुर्घटना किस प्रकार हुआ जिसकी जानकारी जुटा रहे हैं वहीं मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर खोजबीन कर रहे हैं ।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का बेमियादी हड़ताल है जारी

जगदलपुर। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का तीन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शनिवार को दूसरा दिन भी रहा। इसमें प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी, पेंशन कल्याण संघ द्वारा समर्थन किया। संघ द्वारा तीन सूत्रीय मांग सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लंबित कार्य आधारित वेतन पीएलपी का भुगतान माह मई 2024 का पूर्ण किया जाए एवं आगामी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारिख के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुऐ उनके गृह मे स्थानान्तरण देने हेतु छूट प्रदाय किया जावे। एवं मुख्यालय निवास का दायरा मुख्यालय से 8 किमी की परिधि मे निवास करने हेतु छूट दिया जाए। दूसरे दिन आंदोलन में जिलाध्यक्ष एवं उपप्राताध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार, संभगीय अध्यक्ष रुपेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र पांडे, दयानद पटेल, जिला सयोजक सुरेश ठाकुर, हनुमंत राव, नीरज मामड़ीकर, रीमा दानी, स्मृता कच्छ, अमृत कुमुदिनी, बलराम, असिम मसीह, सुमन, अदिति, शिवानी, पूर्णिमा, ओजस्वी, खेमेन्द्री, जगत, मनसाय, संगीता आदि शामिल रहे।

# 188 बटालियन सीआरपीएफ ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज भावेश चौधरी कमाण्डेन्ट 188 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन मे 188 बटालियन द्वारा चिकलपुटटी कोण्डागांव सीआरपीएफ कैम्पस एवं 188 वाहिनी के विभिन्न कैम्पों केशकाल कोण्डागांव, पुश्पालघाट बस्तर तथा गादीरास, कोर्रा एवं एवं पोलमपल्ली सुकमा में भरपूर उत्साह एवं उल्लास के साथ कार्यक्रम हुए। 188 बटालियन मुख्यालय चिकलपुटटी कोण्डागांव, सीआरपीएफ कैम्पस में योग गुरु शांति लाल पटेल तथा बल के योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया गया, जिसमें वाहिनी के सभी जवानों तथा केन्द्रीय विद्यालय कोण्डागांव के शिक्षक व बच्चों ने भाग लिया। कमाण्डेंट भावेश चौधरी ने बताया कि 188 वाहिनी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात होने के बाद भी सभी कैंपों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योग के बारे मे जागरुकता के लिए संदेश दिया गया। नियमित योग करने से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है एवं शरीर स्वस्थ बना रहता है। योग निचित रुप से सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति प्रदान करने का साधन है। यह हमारे तनावपूर्ण जीवन के लिये एक बड़ी राहत प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने भारत सरकार तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा योग के प्रति किए गए उल्लेखनीय योगदान के विषय में भी बताया। इस मौके पर 188 बटालियन के अधिकारी युद्धवीर सिंह टोकस उपकमाण्डेन्ट, कमलसिंह मीना उपकमाण्डेन्ट, ओ.पी. बिश्नोई सहायक कमाण्डेन्ट,केन्द्रीय विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य नंद किशोर वासनिक एवं बल के अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने बच्चो के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। सभी ने हर्ष व उल्लास के साथ नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प लिया गया। सभी छात्र–छात्राओं को जलपान का वितरण किया गया ।

## मनरेगा श्रमिकों ने किया अमृत सरोवर में सामूहिक योगाभ्यास



**कोण्डागांव।** जिले में विभिन्न अमृत सरोवरों में मनरेगा श्रमिकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर श्रमिकों ने योग के महत्व को समझा। इसके साथ जनपद पंचायत के अन्य अमृत सरोवरों में भी मनरेगा मजदूरों के द्वारा योग किया गया। ज्ञात हो कि भारत सरकार के द्वारा हर जिले में भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के नाम पर अमृत सरोवर का निर्माण एवं जलाशयों को जीर्णोद्धार किए गए हैं, ताकि उनके बलिदान से ग्रामीणों ने जागरूकता आया एवं वो भी देश की अखंडता एवं एकता के लिए अपना योगदान देवे, देश की आजादी के 75वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। इसी महोत्सव के तहत अब प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर को विकसित करने की योजना तैयार की है। सरोवर में वर्षभर पानी की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। सरोवर का रकबा कम से कम एक एकड़ का रखा गया है। जिन स्थानों में श्रमिकों द्वारा योगाभ्यास किया गया, इनमें जोबा, सुकुरपाल, बड़े राजपुर, फरसगांव, माकड़ी, मोहलई, सिंगनपुर, गारका, केशकाल सहित अन्य स्थान शामिल हैं।



## सामुदायिक भवन में अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने किया योग

**फरसगांव।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में नगर के सामुदायिक भवन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से योग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शीशकुमारी चनाप द्वारा किया गया । सभी लोगों ने एक साथ मिलकर योगाभ्यास किया। करो योग रहो निरोग का संदेश देते हुए प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया । इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष,नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, एसडीएम यशवंत कुमार पुशाम, पुलिस एडसीओपी अनिल विश्वकर्मा, जनपद सीईओ जी एल चुरेंद, तहसीलदार डॉ जयकुमार नाग, गणमान्य नागरिक प्रवीण बडेशा एवं भूतपूर्व सैनिक रिकेश कुवर सहित जनपद एवम नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्तिथ रहे ।



### विद्यालय बड़े बेंद्री स्कूल में योगाभ्यास

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण में योग दिवस मनाया गया । उक्त अवसर पर विद्यालय का प्राचार्य के द्वारा योग का जीवन में महत्व के ऊपर प्रकाश डाला गया । साथ ही विभिन्न योगासनों का स्वास्थ्य लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय में संचालित विभिन्न इकाइयां राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ एवं इको क्लब, सीवी रमन गणित एवं विज्ञान क्लब, जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी एवं स्काउट गाइड ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

### डाक्टरों, मरीज व युवकों ने किया योग का अभ्यास



**फरसगांव।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को फरसगांव मुख्यालय में जगह जगह योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में फरसगांव अस्पताल में डॉक्टरों के साथ भर्ती मरीजों और उनके परिजनों ने योगाभ्यास किया । वहीं आदर्श स्कूल मैदान में अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद से निःशुल्क प्रशिक्षण ले रहे युवकों ने भी प्रशिक्षण के बाद आदर्श स्कूल के शिक्षकों के साथ योगाभ्यास किया । इस दौरान नवजवानों को प्रशिक्षण दे रहे रिकेश कुँवर , प्राचार्य बीके अठभैया सहित शिक्षक व नवजवान उपस्तिथ रहे।

### योग दिवस मनाया, किया योगाभ्यास



**धनोरा।** तहसील धनौरा के अंतुरूनी क्षेत्र तहसील वा थाना धनोरा के ग्रामपंचायत बदवर मैं सरपंच, उपसरपंच वा ग्रामीणों ने विश्व योग दिवस के अवसर पर योग साधना में भाग लेकर निरोग का संकल्प लिए है ईस अवसर पर भाजपा नेता श्रीराम यदु va समस्त ग्रामवासियों ने योग साधना शिविर को सफ़ल हो मैं पूर्ण सहयोग किया है इस मौके पर सरपंच, उपसरपंच , सचिव एवम ग्रामीण बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# करारमेटा उपस्वाथ्य केंद्र का निर्माण अंततः हुआ पूरा, अब मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा





धनौरा के करारमेटा मै पीछले वर्ष 2014 मैं वा 09 साल पहले स्वीकृत उपस्वाथ्य केंद्र को दूसरा टेकेदार ने बनाकर पूर्ण किए 09साल पहले पीड़ीत ग्रामवासीयो को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के नाम से शासन द्वारा ग्राम वासियों के मांग के तहत गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र का स्वीकृति कोंडागांव के एक टेकेदार को निविदा के अनुसर सौंपा गया था किन्तु टेकेदार द्वारा लापरवाही करते हुए भवन को अधूरा छोड़ दिया था। पीड़ीत ग्रामवासियों ने कई बार लिखित वा मौखिक रूप जानकारी कलेक्टर के साथ टेकेदार वा जनपद पंचायत केसकाल के सी ई ओ को भी दीया था चुकी टेकेदार के वर्चस्व के सामने ग्रामीणों को न्याय नहीं मिलने पर वर्ष 2023 को जगरूख ग्रामवासियों ने जिसमें सरपंच, उपसरपंच, पटेल वा वार्डपंचों के ओर से लिखित शिकायत पूरे लोगों के हस्ताक्षर के साथ कलेक्टर जिला कोंडागांव के नाम ज्ञापन द्वारा एसडीएम केसकाल को गत वर्ष में पीड़ित ग्रामवासियों के ओर से सौंपा गया था तब जाकर जिला प्रशासन द्वारा मामले की उच्चस्तरीय जांच करने पर पीड़ीत ग्रामवासियों द्वारा प्रेषित शिकायत की सत्यता का प्रमाण मिलने पर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा पूर्व टेकेदार का टेके को निरस्त करते हुए उक्त अधूरा पड़े भवन का टेके दूसरा आदमी को दीया गया था तब जाकर पीड़ित ग्रामवासियों को पीछले 09 साल पहले की रूखा हुआ भवन बनकर पूर्णता की ओर है भवन का वारे में जानकारी देते सरपंच पति संजीव कुमार पोयाम ने हमरे मिडिया को जानकारी देते बताया है कि भवन की निमार्ण कार्य पूर्ण होने के साथ कुछ छोटा काम बाकी बताया है। सरपंच पति संजीव कुमार पोयाम ने निर्माण के पूर्ण होने पर हर्ष जताया और जल्दी नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों को मिलेगा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिलने की पुष्टि की है।

## पुत्र की हत्या पर कार्रवाई नहीं, बेबस पिता दर-ब-दर भटका रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के बास्तानार विकासखंड के बड़े किलेपाल निवासी वयोवृद्ध यदुनाथ शुक्ला जवान बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दर-दर भटक रहा है। उसने बस्तर एसपी शलभ सिन्हा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। शनिवार को हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर उन्होंने अपनी बात कही। बेबस पिता ने बताया कि मेरा पुत्र 26 साल का रावेन शुक्ला गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में एमटेक का छात्र था। मूल रूप से मध्यप्रदेश के रीवा जिले के देवगांव के ग्राम ढखरा निवासी ने कहा कि पिछले 30 साल से किलेपाल में निवासरत हूं। पिछले 11 मार्च 2024 को मेरा पुत्र अपने मित्र शुभम शुक्ला के परिवार में विवाह के मौके पर रीवा मध्यप्रदेश गया हुआ था। 11 और 12 मार्च को मेरी मुलाकात बेटे से हुई थी वह प्रसन्न था। 12 मार्च को वह अपने दोस्तों के साथ निकला था कि अचानक रात 8 बजे फोन से मुझे सूचना मिली कि मेरे पुत्र का शव रतहरा नहर में हैं उन्होंने आरोप लगाते कहा कि उसकी हत्या कर शव नहर में फेंका गया। इसकी रिपोर्ट लिखाई गई है लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने न्याय की गुहार एसपी से लगाई है।

## पेज 11 के शेष

### चंदन जात्रा का ...

समाज के अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी ने बताया कि आज बस्तर गोंचा पर्व के 616 वर्षो की ऐतिहासिक रियासत कालीन परम्परानुसार देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान संपन्न किया गया। इसके साथ ही बस्तर गोंचा पर्व प्रारंभ हो गया है। उन्होने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चंदन जात्रा पूजा विधान के पश्चात भगवान जगन्नाथ का 15 दिवसीय अनसर काल की अवधि होती है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ होते हैं, तथा भगवान के अस्वथता के हालात में दर्शन वर्जित होते हैं। भगवान जगन्नाथ के स्वास्थ्य लाभ के लिए औषधियुक्त भोग का अर्पण कर भगवान जगन्नाथ की सेवा 15 दिनों के अनसर काल में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों के द्वारा किया जायेगा। औषधियुक्त भोग के अर्पण के पश्चात इसे श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। विशेष औषधियुक्त प्रसाद का पूण्य लाभ श्रद्धालु अनसर काल के दौरान जगन्नाथ मंदिर में पहुंचकर प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन दर्शन वर्जित होगा। इसके उपरांत 6 जुलाई को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ के दर्शन होंगे, 7 जुलाई को श्रीगोंचा रथ यात्रा पूजा विधान के साथ ही प्रभु जगन्नाथ स्वामी जनकपुरी सिरहासार भवन में 9 दिनों तक श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ स्थापित होगें, इस दौरान समस्त श्रद्धालुओं को पुण्यलाभ का पावन अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान समाज के राधाकांत पाणिग्राही, उमाशंकर पाढ़ी, बस्तर गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे, रविंद्र पांडे, सुदर्शन पाणिग्राही, आमाराम जोशी, अंनत प्रसाद पांडे, नरेंद्र पाणिग्राही, राकेश पांडे, गजेंद्र पाणिग्राही, चिंतामणि पांडे, डिलेश्वर पांडे, मिथलेश पाणिग्राही, मिनेश पाणिग्राही, देवशंकर पंडा, बनमाली पानीग्राही, विमल पांडे, परमानंद पांडे, बिम्बाधार पांडे, सोहन पांडे, आशा आचार्य, डाकेश्वरी पांडे, गिरजा पांडे, ओंकार पांडे, भालचन्द्र मंडन, आर. एन. पांडे, मिनकेतन पाणिग्राही, बद्रीनाथ जोशी, आशू आचार्य, वैभव पांडें, प्रदीप पाढ़ी, हर्ष पानीग्राही एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**15 दिन तक दर्शन नहीं देंगे जगन्नाथ :** बताया गया कि जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु स्वरूप जगन्नाथ स्वामी विश्व के समस्त श्रद्धालुओं के स्वस्थता के लिए आयुर्वेद का औषधियुक्त प्रसाद वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार मौसम के परिवर्तन के साथ स्वास्थ्य के लिए प्रसाद के रूप में लाभदायी सिद्ध होता है। भगवान जगन्नाथ के 15 दिवसीय अनसर काल में भगवान जगन्नाथ भक्तो के स्वास्थ्य के लिए स्वयं बीमार पड़ते है, बीमार होने पर भगवान जगन्नाथ अस्त-व्यस्त अवस्था में रहते हैं, ऐसी अवस्था में जगत के पालनकर्ता के दर्शन को शास्त्रो व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दोषपूर्ण माना गया है। इसीलिए भगवान जगन्नाथ के दर्शन 15 दिनों तक अनसर काल के दौरान वर्जित होता है।

### डेंजर जोन में...

हल्की बारिश में गंगामुण्डा तालाब तट में बसे सड़के डूब गई। मार्ग में घुटने तक पानी जमा होने की स्थित निर्मित हुई, जिसकी जानकारी पार्षद राजेश राय ने आयुक्त हरेश मंडावी को दी। आयुक्त स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। पार्षद को आशंका है कि इस दिशा में कोई ठोस पहल नही किया जा रहा है, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि गंगानगर वार्ड क्रमांक 23 को डूबाने की पूरी साजिश रची जा रही है। यही कारण है कि वार्ड और वार्डवासियों के साथ पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। वार्ड निरीक्षण में पहुंचे आयुक्त के समक्ष पार्षद ने गुहार करते कहा कि बारिश के पहले वार्ड को डूबने से बचा लीजिए। पार्षद के मुताबिक बारिश के दौरान डुबान क्षेत्र में सुरक्षा बहाल करने अनेक मर्तबा ध्यानाकर्षण कराया गया। बावजूद इसके बारिश के पूर्व डुबान क्षेत्र में कोई उपाय नही किया गया और न ही सुरक्षा बंदोबस्त किया गया। इसी पीड़ा को पार्षद ने आयुक्त के समक्ष व्यक्त करते बताया बारिश के पहले गीदम रोड की बड़े पुलिया की सफाई करना अति आवश्यक है। मानसून का आगमन हो चुका है, लेकिन गंगानगर वार्ड में गंगा मुंडा तालाब का आउटलेट के बड़ा नाला की सफाई अब तक नही की गई और तो और तालाब के नीचे बड़े नालों की सफाई भी नहीं हुई है। यहां तक वार्ड के गीदम रोड स्थिर बड़ा पुलिया की भी सफाई नहीं की गई। आने दिनो में बारिश से बड़े नालों की सफाई न होने की वजह से जल भराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने का खतरा है। पार्षद ने कहा आयुक्त इसे संज्ञान में लेकर गम्भीरता के साथ पहल करे। मानसून आगमन के बाद भी गंगानगर वार्ड में बड़े नालों की सफाई नहीं हुई है। जिम्मेदार अधिकारियों को मैंने बार-बार कहा है, फिर भी वे सफाई व्यवस्था को लेकर गम्भीर नही है। वार्ड में जल भराव का क्षेत्र होने की वजह से आने वाले दिनों में वार्डवासियों को समस्याओं सामना करना पड़ेगा।

### बेरोजगार चालक ....

किया गया है। इससे उद्यान में वर्तमान में जिप्सी बंद किया गया, जिससे जिप्सी चालक बेरोजगार हो गए हैं। इसके चलते बेरोजगार 35 जिप्सी चालक परिवार के पालन के लिए अब स्टेयरिंग के बदले खेत में हल चला रहे। जिप्सी चालक रिंकू ठाकुर सहित अन्य चालकों ने बताया कि जिप्सी बंद होने से बेरोजगार हो गए हैं, जिससे उद्यान के आसपास स्थित गांव में खेती में हल जोतकर धान उगाएंगे। उद्यान में आने वाले पर्यटकों से प्रत्येक हितग्राही को लगभग ढाई लाख रूपए की आय हुई थी।

**संचालन बंद होने से कर रहे खेती :** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह ने बताया कि नवंबर माह से जिप्सी का संचालन शुरू होने से चालक पर्यटकों की सुविधा के लिए कार्य करेंगे। हालांकि जिप्सी चालक उद्यान से सटे गांव के निवासी हैं, उनका खेत है जहां जिप्सी संचालन बंद के दौरान वे लोग खेती कर रहे हैं।

### एनटीए निट स्कैम ...

के एक ही एग्जाम केंद्र से क्यों हैं। इस दौरान आशीष, अंश, अंशु, अजेंद्र, राजकमल, कृष्णा, निखिल समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**असफल छात्रों का निट में कैसे चयन :** छात्रा प्रमुख नीलू ने बताया कि रिपोर्ट के मुताबिक एक स्टूडेंट जो 12वीं के दो सब्जेक्ट्स में फेल है, जिसने फिजिक्स में 21 प्रतिशत और केमिस्ट्री में सिर्फ 31 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किया है। एनटीए ने उस स्टूडेंट को निट यूजी रिजल्ट में 720 में से 705 मार्क्स दिया है। इस स्टूडेंट ने 1321 रैंक प्राप्त की है। आखिर ये कैसे संभव हो सकता है।

### जियोलॉजिकल जांच ....

मिट्टी जाम हो गया था, जिसके कारण एक माह तक केके लाइन में जगदलपुर से कोरापुट के बीच यात्री और लौह अयस्क परिवहन ठप रहा। इस घटना से रेलवे को करोड़ो का नुकसान हुआ था। घटना के बाद उत्तर प्रदेश से जियोलॉजीकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम स्थल निरीक्षण कर घाट सेक्शन में सुरक्षा के उपाय को डीआरएम सौरभ प्रसाद और अन्य रेलवे के तकनीकी अधिकारियों को साझा किया था। जीएम से जब पूछा गया कि लैंड स्लाइड की वजह से काफी दिक्कतें होती हैं तो उन्होंने कहा कि पहाड़ के पत्थरों और मिट्टी का सैंपल लेकर जियोलॉजिकल जांच के लिए भिजवाया गया था। रिपोर्ट आने के बाद जरुरी कदम उठाए गए। ज्ञात रहे कि पिछले साल कोरापुट के नजदीक लैंड स्लाइड हुआ था, जिसकी वजह से केके लाइन पर पूरे एक महीने तक आवागमन ठप रखना पड़ा था। जीएम ने जगदलपुर रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं में विस्तार का निरीक्षण किया। जीएम ने जिम्मेदारों से यात्री सुविधा का पूरा ध्यान रखने कहा। पत्रकारों न जब प्रस्तावित नई रेल लाइन किरन्दुल से मनगुरु, दंतेवाड़ा से सुकमा व्याहा मलकानगिरी व अन्य प्रस्तावित नई रेल लाइन को लेकर जानकारी चाही गई तो रेल जीएम ने कहा प्रस्ताव की जानकारी लेकर प्रोजेक्ट पर किया कुछ किया जा सकता है। इस पर अपनी तरफ से पहल करने का भरोसा दिया। मीडिया से चर्चा के दौरान डीआरएम सौरभ प्रसाद, भुवनेश्वर रेल जोन के सीपीटीएम दिव्यंजन राय, मुख्य ट्रेक इंजीनियर के दनुजजया राव, विशाखापटनम रेल मंडल के एडीआरएम, एसडीओएम समेत दर्जनों वरिष्ठ अधिकारी सम्मलित थे।

दुर्ग एक्सप्रेस को लेकर जीएम का बड़ा बयान : रेल जीएम ने जगदलपुर से दुर्ग तक चलने वाली इंटरसिटी त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 2019 से बन्द किया है, इसके दुबारा संचालन के लिये क्षेत्र के लोगों से लिखित में जानकारी देने पर इस पर गम्भीरता से पहल करेंगे। उन्होंने कहा कार्यभार संभाले ज्यादा वक्त नही हुआ है, इसलिए पहले जोन में सम्मलित रेलवे स्टेशनों में यात्री रेल सुविधा, अमृत भारत स्टेशनो के निर्माण कार्य पर फोकस करने प्राथमिकता के साथ विभिन्न रेल मंडलों के अंतर्गत अनेक स्टेशनों का प्रवास में है। प्रवास पश्चात फाइलों का अवलोकन बाद ही पुराने कार्यो की समीक्षा करेंगे। जीएम ने कहा यदि बस्तर में प्रस्तावित नई यात्री ट्रेन और नई रेल को लेकर लिखित रूप से जानकारी प्राप्त होते ही उस दिशा में पहल करेंगे।

अमृत भारत स्टेशनों के कार्य की समीक्षा: रेल जीएम ने अपने प्रवास का उद्देश्य साझा करते कहा कि रेल लाइन दोहरीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा, अमृत भारत स्टेशनो के कार्य की प्रगति और लौह अयस्क परिवहन समेत यात्री रेल सुविधा विस्तार पर पूरा फोकस रहा। उन्होंने बताया केके वन विशाखापटनम से कोरापुट और केके टू कोरापुट से किरन्दुल तक 427 किलोमीटर लंबी केके रेललाइन की डबलिंग का काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कार्य में इस दौरान आ रही कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास करेंगे।

### संत कबीर के....

है उसे जल्द पूरा किया जाएगा। इस दौरान जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, नगरनार मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, मनोहर तिवारी, सरपंच मंदना नाग, पनका समाज अध्यक्ष रामदास, उपाध्यक्ष बलिराम, सचिव विजय दास, धरमुदास, मुरली मनोहर, रघु सेठिया, समुद्र नाथ, तिलो दास, संपत पंत, रूपेश समरथ, राधेश्याम पंद्रे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक ने टेकाम ने घायल को अस्पताल कराया भर्ती

**केशकाल।** 21 जून को बिजापुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम बाद वापस केशकाल आ रहे थे तभी रात



लगभग 9.30बजे बेड़मा के पास से गुजर रहे थे तभी दुर्घटना हालत में पड़ा एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें दिख गया। विधायक ने नीलकंठ टेकाम अपनी वाहन रूकवाया और फौरन अपने साथ चल रहे वाहन में दुर्घटनाग्रस्त ब्यक्ति को बैठवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र - केशकाल ले आये और अस्पताल में भर्ती कराया तथा डाक्टर को समुचित उपचार कराने का निर्देशित किया ,जिसके बाद घायल ब्यक्ति का उपचार किया गया। अज्ञात दुर्घटनाग्रस्त को समय पर सही स्वास्थ्य सुविधा सुलभ करवाकर विधायक ने जिस इंसानियत का प्रेरणादाई मिशाल किया उसकी मुक्तकंठ से सराहना की जा रही है उपचार के दरम्यान पता चला कि दुर्घटनाग्रस्त ब्यक्ति आंवरी का निवासी है।

## शराब की अवैध बिक्री, आरोपी युवक गिरफ्तार

**फरसगांव।** पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव यदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन पर थाना फरसगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते 21जून शुक्रवार को



मुखबीर की सूचना पर कोर्राप्लाट के मुर्गा बाजार के सामने रोड़ किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री कर रहा था, जिसे घेराबन्दी कर पकड़ा गया, पकड़े गए आरोपी ने अपना नामनिर्मल कुमार नाग पिता बलराम नाग उम्र 29 वर्ष निवासी भूमका का होना बताया।आरोपी के पास काले रंग वैग की तलाशी लेने पर बैग से कुल शराब 03 लीटर 240 एम.एल. कुल कीमत 3960 रूपये और आरोपी निर्मल कुमार नाग के पास से शराब बिकी का नगदी रकम 450 रूपये जप्त किया गया। गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर आरोपी के खिलाफ कृत्य अपराध धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक नरेश साहू थाना प्रभारी, बीना मण्डावी, कृष्ण कुमार सोनवानी, किरण नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# स्मार्ट मीटर रीडरों की होगी छुट्टी, 700 होंगे बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बिजली चोरी पर अंकुश लगाने हरसंभव बिजली विभाग प्रयास कर रहा है। इसी के तहत बस्तर संभाग में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए निविदा सहित अन्य प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता एवं विद्युत कंपनी जहां लाभान्वित होंगे, वहीं मीटर रीडरों से रोजगार छिनेगा, उनकी छुट्टी होने की संभावना है। इस मीटर से घर बैठे ही उपभोक्ताओं को बिल मिलेगा। बस्तर संभाग के सातों जिलों में लगभग 700 मीटर रीडरों ने कहना है स्मार्ट लगने स्मार्ट मीटर लगने से सभी को फायदा होगा, लेकिन हम लोग बेरोजगार हो जाएंगे। स्पाट बिलिंग के मीटर रीडरों द्वारा विगत कई वर्षो से लगातार कार्य करते आ रहे हैं। जिसमें संविदा पर रखे जाने बताया गया है, जबकि मीटर रीडरों को स्वतंत्र ठेका में आर्डर दिया गया है, जो मीटर रीडरों के साथ धोखा किया जा रहा है। घर-घर जाकर बिल वितरण किया है, सभी मीटर रीडरों को स्मार्ट मीटर लगने पर बेरोजगार हो जाएंगे। लगभग 20 वर्षोंर् से मीटर रीडर का काम करते आ रहे हैं, बेरोजगार होने से उनके परिवार का लालन-पालन की चिंता सता रही है।

### रीडर बेरोजगार नहीं होंगे

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इससे मीटर रीडरों को बेरोजगार नहीं किया जा रहा है बल्कि दूसरे काम दिया जाएगा, वे बेरोजगार नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप

### डाईट में शिक्षकों ने किया योग



**जगदलपुर।** डाइट बस्तर में योग कार्यक्रम में 58 शिक्षक उपस्थित हुए। टिकेंद्र पांडेय ने शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के योग करवाये। इस दौरान प्रिन्सिपल डॉ. नितिन दण्डसेना के साथ ट्रेनिंग प्रभारी राजेन्द्र जोशी, सीके पाणिग्राही, डॉ. जॉन वाइस, ललीता मंडावी, बीआर मौर्य, अगम, नशीद गायकवाड़, भाजी राम मौर्य, बेनू मौर्य उपस्थित थे।

### कॉलोनीवासियों ने किया योगा



**जगदलपुर।** शहर के रियल स्टेट कंपनी पृथ्वी डेवलपर्स ने अशोका ग्रीन्स आवासीय कालोनी में रहवासियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस दौरान टीम पृथ्वी ने कालोनी के सदस्यों के साथ मिलकर अनुलोम विलोम, कपालभाति, प्राणायाम जैसे योगाभ्यास किये। साथ ही योगा टीचर अदिति दास ने योग के महत्व को सभी के साथ साझा किया।

### राजमाता से मिले सांसद



**जगदलपुर।** बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव एवं राजमाता से राजमहल में सांसद महेश कश्यप ने मुलाकात की। राजपरिवार ने बस्तर लोकसभा से निर्वाचित होने पर मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दी।

## अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किया सामूहिक योगा

# स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरी: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ज्ञानोदय भवन आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सुकमा में आयोजित दशम योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बस्तर महेश कश्यप शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि 21 जून वह दिवस है, इस दिन

- सदियों से योगाभ्यास किया जा रहा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही

भारतीय संस्कृति की पहल को पूरे दुनिया ने अंगीकार किया। उन्होंने कहा कि यह परंपरा प्रतिवर्ष आगे बढ़ते रहे। वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना हमारे यहां पुरातन काल से चली आ रही है।

हम सभी का जीवन, हमारा स्वभाव और कार्य-व्यवहार सभी में सबके लिए सुख, शांति, प्रेम और सद्भावना का हो और हमारा जीवन सबके कल्याण और सुख-शांति की कामना करते हुए जीवन को आगे बढ़ाते जाएं। उन्होने कहा कि योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। सदियों से स्वस्थ तन-मन के लिए योगाभ्यास



किया जा रहा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। स्वस्थ तन-मन के लिए योग की सभी क्रियाओं को जीवन में उतारें। उन्होनें कहा कि हमारे देश ने पूरे विश्व में योग का प्रचार-प्रसार किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, योग इसका उदाहरण है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने संबोधन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस स्तर से रोग बढ़ रहे हैं, उसमें योग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग करने से आप इन सभी बीमारियों से आसानी से लड़ सकते हैं। इस मौके पर कलेक्टर हरिस.एस ने कहा कि शरीर स्वस्थ रहे, इसलिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए।

योग ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे शारीरिक, बौद्धिक विकास संभव है। योग मनुष्य को स्वस्थ बनाए रखने का कार्य करता है। जो लोग योग करते हैं, वे मानसिक व शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते हैं। योग से मन को शांति मिलती है। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रामनारायण मिश्रा के निर्देशन में उपस्थित सभी ने लोगों योग के विभिन्न आसन का अभ्यास किया। योग के विभिन्न आसनों में वज्रासन, अर्ध उसथरासन, मकरासन, भुजंगासन, कपालभाति एवं ध्यान आदि शामिल है।

सामूहिक योग कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक मनोज देव, दिलीप पेद्दी और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी सीएमओ सुकमा जीआर गोंदे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चों ने भी किया प्राणायाम और योगासन-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में आश्रम-छात्रावास एवं एकलव्य आवासीय विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न आसन और प्राणायाम किया।

साथ ही सभी विकासखंड और नगरीय निकायों में गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने योगा और प्राणायाम किया।

### योग से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है : गोयल



**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तोकापाल सामुदायिक भवन में मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चे तथा विकासखंड के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने कहा कि योग शरीर की हर कोशिका को स्वस्थ और बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है। जिससे आपका शरीर अपने आप ही रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला बन जाता है। नियमित रूप से योग का अभ्यास करने से आपको अपने शरीर के प्रति जागरूक होने में मदद मिलेगी। इसलिए प्रतिदिन योग करना अपने दिनचर्या में शामिल करें। योग शिविर में जिला पंचायत सदस्य रैतु राम, मंडल अध्यक्ष सोमारू, बाबूलाल नाग मिटकू राम, तन सिंह, रितेश जोशी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर, खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम, खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर उपस्थित रहे।

### मना बाल श्रम निषेध दिवस



**बीजापुर।** जिले के विकासखण्ड भोपालपटनम में बालश्रम निषेध अंतर्गत राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 20 जून से कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्वल भविष्य बनाये, चलाने के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग को निर्देशित किया गया है। इस पर श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा शहर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम का पांपलेट बांटते हुए दुकान, होटलों, ढाबों में जाकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षण अधिकारी नवीन कुमार मिश्रा, कल्याण निरीक्षक, दानेश्वर साहू, दशरत गोटा, कुमा वंगा, संदीप चिड़ेम, राजकुमार निषाद, राजेश मडे एवं आत्रम धरमैया आउटरीच वर्कर उपस्थित थे।

### एसडीएम ने की कार्यों की समीक्षा



**बीजापुर।** बीजापुर एसडीएम जागेश्वर कौशल ने जनपद पंचायत बीजापुर कार्यालय के सभाकक्ष में पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, वनाधिकार पट्टा तथा नियद नेल्लानार के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच तथा रोजगार सहायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त बैठक में सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिन्हा सहित विकास खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### गांव-गांव में हुआ योगाभ्यास



**बीजापुर।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कई कारणों से यादगार बन गया। जिले भर में योग दिवस को लेकर जिला से लेकर गांव-गांव तक लोगों में उत्साह का माहौल रहा। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में योग दिवस मनाने पहले से ही तैयारियां कर ली गई थी। जिले के अमृत सरोवर, पंचायत भवन, मनरेगा कार्यस्थल पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से योगासन, प्राणायाम और स्वास्थ्य जीवन शैली बनाए रखने के महत्व पर परिचर्चा भी आयोजित किए गए। जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सामुहिक प्रयास से अमृत सरोवर में योग दिवस आयोजित किया गया। वहीं वर्तमान व्यस्तता पूर्ण दिनचर्या के चलते हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। जिसके लिए योग और प्राणायाम को अपने दिनचर्या में शामिल किया जाना होगा। इसलिए योग के लाभों और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के महत्व पर ग्राम पंचायत स्तर पर परिचर्चा भी आयोजित किए गए।

## योग से जीवन में आता है अनुशासन: कुलसचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। इस वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर योग किया गया। धरमपुरा स्थित अकादमिक भवन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों,

- शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास



शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग के विभिन्न आसन किए। योग प्रशिक्षक प्रेमजीत निराला ने योग अभ्यास करवाते हुए सभी योग आसन का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि कैसे योग का अभ्यास किसी जटिल बीमारी को दूर कर सकता है। प्राणायाम, सूर्य नमस्कार के साथ ही विभिन्न आसन किए गए। इस मौके पर कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि योग हमारे लिए आत्म साधना है, योग आत्म बोध है। योग से जीवन में अनुशासन आता है। योग जीवन दर्शन है और विज्ञान भी। योग को अब विज्ञान के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान उपस्थित जनों ने योग से निरोगी बनने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, डॉ. स्वपन कुमार कोले, डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. सजीवन कुमार, डॉ. सुकृता तिर्की, सहायक कुलसचिव देव चरण गावड़े, केआर ठाकुर समेत शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन और आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवन कुमार ने माना।

## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विधायक से मिले संघ पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव के समक्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग को लेकर चर्चा की।

कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. देवकांत चतुर्वेदी ने बताया इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी एवं राज्य के कार्यकारिणी टीम ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री, गृहमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी बात रखी है। विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार ने पिछले वर्ष हड़ताल के दौरान राज्य में कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों के वेतन में एकमुश्त 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी।



जिसमें लगभग सभी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ मिल चुका है। लेकिन अभी तक यह लाभ स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल सका है। जिसके कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों में रोष है। इस दौरान डॉ. रजत चौहान, डॉ. गौरव चौरसिया, डॉ. किशोर पटेल, रुपेश खेंडूलकर, निर्मल साहू, संजीव उपस्थित थे।

## जगदीश पात्र बने दरभा बीईओ, संभाला कार्यभार



हरिभूमि न्यज ▶▶| दरभा

लगभग पांच साल से खंड शिक्षा अधिकारी दरभा के रूप में पदस्थ राजेश उपाध्याय सेवानिवृत्त हो गए है। जिसके पश्चात इसी अवधि में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करने वाले जगदीश पात्र को खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से खुशी जताते हुए जगदीश पात्र ने कहा कि दरभा जनपद मेरा जन्म एवं कर्म भूमि रहा है, मुझे विश्वास है कि सभी के सहयोग से परिणाम जनक कार्य कर पाऊंगा। मेरी प्राथमिकता समस्याओं के मूल में जाकर निदान करने की होगी। मैं उम्मीद करता हूं कि सभी लोग अच्छे शैक्षिणक स्तर एवं रचनात्मक उपलब्धि हासिल करने के लिए आवश्यक सहयोग करेंगे। क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सब की भागीदारी आवश्यक है और हम सब मिलकर लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे।

### योग मनुष्य को बनाता है दीर्घायु



**जगदलपुर।** विद्या ज्योति स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया साथ ही छात्रों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य फादर एंथोनी ने छात्रों से कहा योग को जनसामान्य की दिनचर्या का अंग बनाना और राज्य के प्रत्येक स्कूली छात्रों को व व्यक्ति को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये योग से परिचित कराना है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। साथ ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद फायदेमंद है इसलिए इसे दुनियाभर में बढ़ावा देने के लिए हर साल योग दिवस मनाया जाता है।

## रक्षित केन्द्र समेत सभी थाना व चौकी में जवानों ने किया योग

- कर्तव्य निर्वहन के साथ शरीर व मन स्वस्थ रखने योग जरूरी-एसपी सिन्हा
- पांचवी बटालियन में कमाण्डेंड समेत जवानों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रक्षित केन्द्र समेत जिले के सभी थाना व चौकी परिसर में जवानों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अपने सदेंश में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि कर्तव्य निर्वहन के साथ साथ शरीर और मन स्वस्थ रखने के लिए दैनिक रूप से योग आवश्यक है। योग से मन व तन दोनों स्वस्थ रहता है इसलिए जवानों को समय निकालकर प्रतिदिन योग भी करना चाहिए।

एसपी सिन्हा के आदेश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिनस के अवसर पर ज़िले मुख्यालय





स्थित रक्षित केंद्र के अलावा सभी थानों व चौकियों में योगाभ्यास का आयोजन कराया गया। इस दौरान ज़िले के कर्मचारियों के अतिरिक्त पुलिस अधिकारी तथा पुलिस परिवार के सदस्यों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह निर्धारित समय में जिला मुख्यालय के थानों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के थाना व चौकियों में अधिकारियों ने जवानों व परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास किया।

### 5 वीं बटालियन में स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर सामूहिक योग

पांचवी बटालियन छग सशस्त्र बल परिसर में सेनानी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर सामूहिक योग का कार्यकम आयोजन किया गया था। सेनानी 5 वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षक पंतजलि योग समिति बस्तर के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार सोनी व जिला प्रभारी हरि प्रसाद द्वारा शासन के प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास करवाया गया। वाहिनी के सहायक सेनानी बलवान सिंह कंवर, आनन्द कुमार तिर्की, कम्पनी कमाण्डर आदेश्वर कुमार साहू, हेमकांत सिंह, झाड़ी राजा बाबू, देवकुमार साहू, पीसी सुरेन्द्र त्रिपाठी के अलावा अधिकारी व कर्मचारी योग में शामिल होकर योगाभ्यास किया। सेनानी प्रशांत ठाकुर ने इस अवसर पर जवानों को योग के लाभ एवं नियमित योग से अपने शरीर, मन को स्वस्थ रखने और बेहतर समाज के निर्माण में कैसे योगदान दें बताया।

### दंतेश्वरी कॉलेज में योगाभ्यास कर फायदे बताए गए



**जगदलपुर।** विश्व योग दिवस पर शुक्रवार को शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में रासेयो इकाई द्वारा योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनामिका झा एवं सहायक प्राध्यापक बबीता दीवान ने योग करने के फायदों के बारे में विस्तार से बताया। क्रीड़ा अधिकारी सत्यनारायण सोनंत ने विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान डॉ योगेंद्र मोतीवाला, गुलाब चंद साहू, रासेयो अधिकारी डॉ प्रिंसी दुग्गा, बसंत बघेल, सुनील मिश्रा, डुमर मौर्य, कमलोचन तथा छात्राएं उपस्थित थे।

## एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में मना योग दिवस



**बचेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एनएमडीसी की बचेली परियोजना में योग शिविर आयोजित किया गया। आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर आधारित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी. वेंकटेश्वरलु अधिशासी निदेशक बचेली कॉम्प्लेक्स ने इस अवसर पर योगाभ्यास और स्वास्थ्य के प्रति सजग जीवनशैली को अपनाने हेतु सभी को प्रेरित किया। इस योग शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के सभी उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों ने योगाभ्सास किया। योग स्वस्थ जीवन हेतु अत्यंत आवश्यक है, योग के द्वारा मानव शारीरिक एवं मानसिक रूप से शक्तिशाली बनता है। इसीलिए दैनिक जीवन में योगाभ्यास के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर बचेली वर्क्स परियोजना प्रमुख रबिंद्र नारायण मुख्य महाप्रबंधक, पी रामय्यन मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), विभिन्न विभागाध्यक्षगण एवं श्रमिक संघों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## विधायक ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के पश्चात लोक सभा चुनाव का आगाज हो गया था। आचार संहिता के चलते कई स्थानों पर नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्रारम्भ नहीं किया जा सका था। अब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नेतृत्व वाली सरकारें है। जिसे डबल इंजन वाली सरकार कहा जा रहा है। अब रुके हुए कार्य तेजी से प्रारम्भ हो गए है। इसी सिलसिले में क्षेत्रीय विधायक चित्रकोट विनायक गोयल दरभा ब्लॉक के मामड़पाल और छिंदावाड़ा ग्राम पंचायत आज पहुंचे।

जहां उन्होंने सामुदायिक भवन और सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान विनायक गोयल ने उपस्थित लोगों से कहा कि अभी तो भाजपा सरकार की बैटरी शुरू हुई है, आगे आपके अपेक्षा के अनुरूप कार्य किया जायेगा।

हम जमीनी स्तर से कार्य योजना बना कर जनकल्याण का कार्य करेंगे। चाहे किसानों का मामला हो, चाहे मजदूरों या बेरोजगारी का मामला हो, इन सभी क्षेत्रों में कार्य किया जायेगा। आम जनता की खुशहाली हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल, जनपद अध्यक्ष ए जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंत राम कश्यप, सरपंच मानकदई, सुकई नाग, महेश बघेल, ढूंढ़ल नाग, रामेश्वर नाग, लक्की राम, नरेश सेठिया, लछीन यादव, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मुन्नू सिंह के साथ कार्यक्रम का संचालन पीडी हरीश ने किया।

### शिशु मंदिर में मनाया गया योग दिवस



**गीदम।** विश्व योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में आचार्य परिवार द्वारा योग कर योग दिवस मनाया गया। सभी आचार्य दीदीयो ने योगदान किया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने योग के महत्व को बताया। इस दौरान वज्रासन, पद्मासन, आलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, तितली आसन आदि किया गया। योगासन में विद्यालय के भैया बहन व अभिभावक भी शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

## योगाभ्यास कर जीवन में अपनाने का लिया संकल्प



**करपावंड।** रविशंकर के अनुयायियों ने योग ध्यान एवं प्राणायाम के माध्यम से रेस्ट हाउस के सभागार में विश्व योग दिवस मनाया। पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप के मुख्य आतिथ्य में करपावंड भाजपा मंडल अध्यक्ष परिस बेसरा की अध्यक्षता में महामंत्री पुलकेश्वर पांडे के निर्देशन में पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष विषम ठाकुर, ओमप्रकाश गुप्ता, जेके लाल गुप्ता, सरपंच एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति तथा कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। सभी ने योगाभ्यास कर जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## झरना बनी अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष



**जगदलपुर।** प्रदेश स्तरीय बैठक में सर्व सम्मति से शहर की वरिष्ठ अधिवक्ता झरना बांगर सिंह को अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ की नई कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उचित न्याय सुलभ कराना व राष्ट्रीय हित की सुरक्षा व देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखना है। बैठक में क्षेत्रिय अधिकारी व प्रांत एवं जिलों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। एबीएपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ बस्तर जिला संयोजक सपन देवांगन, दिनेश पानीग्राही, एल ईश्वर राव, संजय मिश्रा एवं अधिवक्तागण ने इससे कानून संबंधी लाभ बस्तर को मिलने की बात कही है।

## प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताए गए योग के फायदे



**जगदलपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक रूप से योग किया गया। प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों ने प्राणायाम, हस्तोत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचालनासन, अष्टांग नमस्कार आसन, भुजंगासन, अधोमुख स्वासन योग सामूहिक रूप से विद्यार्थियों को करवाए। विश्व योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग का वर्णन किया गया एवं सभी को अपने स्वास्थ्य एवं समाज के प्रति सजग रहने संकल्पित कराया गया। कार्यक्रम में स्टाफ और शिक्षकों ने योग कर छात्रों को योग के प्रति सजग रहने व अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। समापन में संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवि जैन ने योग से होने वाले लाभ व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

### कबीर साहेब प्राक्टय दिवस पर हवन, सतसंग व भंडारा का आयोजन

# नित्य अनादि सद्गुरू कालों के कराल हैं उनके भक्त का कोई बिगाड़ नहीं सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महर्षि सदाफल देव आश्रम बोधघाट में आयोजित कबीर प्राकट्य दिवस पर सतसंग में संतों ने कहा कि कबीर साहेब अन्तर जगत के प्रकाशक हैं, वे कहते थे मेरे जो भक्त हैं जो मेरी सेवा, सत्संग, साधना करते हैं वह काल से भी ऊपर उठेंगे।

साहेब ने कहा मेरे साधक सेवक प्रकृति के परे कि छलांग लगाकर काल के ऊपर अपना शासन करते हैं, काल इसका कुछ बिगाड़ नहीं सकता क्योंकि नित्य अनादि सद्गुरु कालों के कराल हैं। वह सत्ता जहां से सृष्टि प्रलय होते रहते हैं वहा







विराजमान है। वह सत्ता जहां से हमारा संचालन होता है इसे सब पता है। मुझे किसको कब और क्या देना है, जैसे मां समय- समय पर बच्चों का संचालन करती रहती है वैसे नित्य अनादि सद्गुरु सृष्टि में जीवों का कल्याण करने के लिये ही रहती है, रहती थी और रहेगी। वही नित्य सनातन मार्ग के प्रणेता है। इसलिए ब्रह्मविद्या विहंगम से बाहर का भटकाव शान्त करके अपने भीतरी जगत में प्रवेश कर चलो बार-बार सद्गुरु सेवा, सत्संग, साधना का अवसर नहीं मिलता है। महर्षि सदाफल देव आश्रम बोधघाट में कबीर साहेब के प्राक्टय दिवस पर हवन, सतसंग व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरूष, युवा, युवती व बुजुर्ग शामिल हुए।

## नक्सलगढ़ पामेड़ के चिंतावागु में अफसरों और जवानों ने किया योगा



**जगदलपुर।** 204 कोबरा वाहिनी ने अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र अग्र परिचालनिक आधार शिविर चिंतावागु थाना पामेड़ जिला बीजापुर में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। जिसमें उप कमांडेंट नवीन कुमार, सहायक कमांडेंट 151 वाहिनी सीआरपीएफ तपेस कुमार, 204 कोबरा सहायक कमांडेंट अजय प्रताप सिंह परिहार व गवाडे विलास बिच्छु समेत अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने हिस्सा लिया। योगाभ्यास के दौरान उप कमांडेंट ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से मस्तिष्क तनाव मुक्त एवं शरीर स्वस्थ रहता है। मानसिक एकाग्रता और शारीरिक क्षमता के मध्य सामंजस्य बनाये रखने में जीवन में स्पष्टता को बनाये रखता है। उन्होंने बताया कि सभी लोगों के समग्र कल्याण एवं जीवन शैली में सुधार के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।

## योग दिवस पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता



**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोण्हडीगुड़ा ब्लॉक मुख्यालय में योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग के महत्व के बारे में योग प्रशिक्षक विजय कुमार डड़सेना एवं निशा डड़सेना ने जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल, विशेष अतिथि पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप एवं जिला पंचायत सदस्य रयतू राम कश्यप मौजूद थे। कार्यक्रम में योग पर आधारित चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके विजयी प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेखर यादव, तहसीलदार अखिलेश धुरव, नायब तहसीलदार खुशबू नेताम ने योग अभ्यास किया। योग शिविर उपरांत योग पर आधारित प्रश्न मंच का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय के बीएस धुरव द्वारा किया गया। जिसके विजयी प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र, जनपद पंचायत, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना लोण्हडीगुड़ा, बैंक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन शशांक शेन्डे ने किया।

## योग से शरीर के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी होता है बेहतर



**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रज्ञा योग एवं डांस स्टूडियो द्वारा बस्तर आर्ट गैलरी में योग का आयोजन हुआ। जिसमे विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। डॉ. राशि जैन काउंसलर मुख्य अतिथि ने स्वास्थ्य की परिभाषा बताते मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बेहतर रख सकते हैं इसके टिप्स दिए। पुराने विद्यार्थी ने स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्य प्राप्त किया था उनका सम्मान किया गया। कुछ विद्यार्थियों ने अपने एंजायटी को दूर किया वजन कम किया और अपने पीसीओडी की समस्या से निजात पाया। प्राणायाम, ध्यान और भजन के साथ सभी ने संकल्प लिया की स्वयं स्वस्थ होंगे और दुसरों को स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे।

## बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने किया विधायक का स्वागत



जगदलपुर। विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने प्रदेश अध्यक्ष बंगाली समाज श्रीनिवास पाल से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बीजापुर प्रवास के दौरान विधायक डिलमिली स्थित उनके व्यवसायिक संस्थान में कुछ देर रूके। प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक का स्वागत करते कापसी पखांजूर क्षेत्र में निवासरत बंगाली समाज के समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बुधराम सोरी मौजूद थे।

## स्थानांतरण पर राजेन्द्र पवार को आत्मीय विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जीवन बीमा निगम के सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र पवार के महाराष्ट्र के सतारा डिविजन के जथ शाखा में स्थानांतरित होने पर जगदलपुर ब्रांच के खेल और मनोरंजन क्लब की ओर से आत्मीय विदाई दी गई। उन्हें काष्ठ शिल्प स्मृति चिन्ह भेंट की गई। इस दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विजय कुमार तिवारी, शाखा प्रबंधक विक्रय अभिषेक जैन, प्रशासनिक अधिकारी थॉमस फिलिप तथा रजनी तिग्गा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लीना थॉमस समेत स्टाफ के सदस्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान जगन्नाथ बलभद्र व बहन सुभद्रा देवी का देव स्नान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर जगन्नाथ स्वामी अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा देवी के साथ श्री मंदिर से बाहर आकर 108 घड़े से स्नान आचार्य एवं पंडितों ने पूरे अनुष्ठान के साथ कराया। जिसके बाद भगवान 15 दिनों के लिए अनसर वास में चले गए। जिसमें वह ज्वर में विश्राम करते हैं, और फिर रथ यात्रा से एक दिन पूर्व उठकर, भक्तों को दर्शन देकर रथ में सवार होकर गुंडीचा महारानी के घर जाते है। लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी यह उत्सव पूरी की तरह पूर्ण विधि विधान से मनाया गया। पंडित चंदन तिवारी ने बताया कि 108 कलशों में से 32 कलश से बलभद्र, 33 कलश से सुभद्रा और 35 कलश से जगन्नाथ का तथा शेष 8 कलशों से सुदर्शन का अभिषेक होता है। इससे पूर्व भगवान को मंदिर से वेद ध्वनि,मंगल वाद्यों के साथ स्नान मंडप तक लाया जाता है और वहां विधिवत पूजन करके भगवान का श्रृंगार होता है। आज के श्रृंगार को गजानन श्रृंगार कहते हैं। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में विगत कुछ वर्षो् से विधिवत समस्त त्यौहार मनाए जाते हैं। जिससे अधिक से अधिक सनातन धर्म का प्रचार हो सके एवं सभी अपने धर्म के बारे में जागरूक हो सके।

## ग्रापं परपा में अस्वच्छता और अव्यवस्था का आलम



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

वह पंचायत जिसमें ब्लाक मुख्यालय स्थित है वहां की स्थिति बदतर हो गई है। दरअसल ग्राम पंचायत परपा के ग्रामीण कुछ महीनों से बिजली, पानी और गंदगी से परेशान हैं। महीनों से परेशानी झेल रहे परपा की महिलाएं 19 जून को जनपद पंचायत पहुंच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर से ग्राम में हो रही असुविधाओं जैसे नल में पानी न आना, बिजली की आंख मिचौली और नाली से निकाला गया गंदगी को साफ नहीं करने को लेकर शिकायत पत्र सौंपा। इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को बुलवा कर तत्काल पानी सप्लाई करवाने की बात तो कह दिया लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी मोहल्ले में न तो सचिव आई न हीं इंजिनियर आया और न पानी। ऐसे में महिलाओं का मुसीबत और बढ़ गया है साथ ही बिजली के बार बार गुल होने से ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है जिसके कारण सोमवार को विद्युत विभाग पहुंच कर धरना देने की बात कर रहें हैं। आखिर क्या कारण है कि बिजली कटौती हमेशा में हो रही है।

## दुर्गम क्षेत्र बेंगपाल में बजी मोबाइल की घण्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदगढ़

विकासखंड छिंदगढ़ के दुर्गम क्षेत्रों में से एक ग्राम पंचायत टहकवाड़ा के आश्रित ग्राम बेंगपाल जो विधानसभा जगदलपुर के अंतर्गत आता है व एनएच 30 से 9 किमी दूर पहाड़ियों पर बसा हुआ है।

- ग्रामीणों ने किया विधायक देव का आभार

जिसकी आबादी लगभग 300 की होगी, यहां के युवकों की वर्षों पुरानी मांग थी कि वो भी शहरी क्षेत्रों की तरह मोबाइल में बात करें। उनकी इस समस्या को समझा जगदलपुर विधानसभा के संवेदनशील विधायक किरण सिंह देव ने और उनके अथक प्रयासों से बेंगपाल में मोबाइल की घण्टी बजने लगी।

### युवकों ने माना विधायक देव का आभार

बेंगपाल के युवक दुर्जन नाग, लसून नाग, सोनाधर, खेमराज नाग, सुखराम नाग, बोडाराम, शंकर नाग, शंकर यादव, मंडूल राम एवं रमेश ने विधायक देव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विधायक संवेदनशील हैं। उन्होंने हमारी समस्याओं को समझा, उसे दूर किया। हमें आपातकाल में जगह-जगह घूमकर नेटवर्क तलाश करना पड़ता था। सबसे ज्यादा दिक्कत जब कोई बीमार होता था, तो एम्बुलेंस बुलाने में आती थी। अब मोबाइल का नेटवर्क आ जाने से यह समस्या नहीं होगी।



### सरपंच ने मोबाइल से ही बताई पंचायत की समस्या





*टहकवाड़ा के सरपंच महादेव वेट्टी जो बेंगपाल में ग्रामीणों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने भी विधायक देव को मोबाइल नेटवर्क हेतु धन्यवाद देते हुए ग्राम की अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। वहीं विधायक ने भी उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर, उन्हें दूर करने का आश्वासन भी दिया।*

# सूर्य नमस्कार, पदमासन, गोमुखासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन धनुशासन, भुजंग आसन, तड़ासन करते हुए किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

### 231 बटालियन में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

231 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जावंगा गीदम के प्रांगण में 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन, मुनीश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, मुकेश कुमार चौधरी उप कमाण्डेंट, धर्मेंद्र कुमार, सहायक कमाण्डेंट, रवि प्रकाश सोनकर चिकित्सा अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारियों व सभी जवानों ने योगाभ्यास में भाग लिया। स्वयं और समाज के लिए योग के थीम लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग मुद्राओं में सूर्य नमस्कार, पदमासन, गोमुखासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, धनुशासन, भुजंग आसन, तड़ासन करते हुए योगाभ्यास किया गया।

योग समाप्ति के उपरान्त सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को देश-दुनिया में



मनाया जाता है। यह दिन वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है, प्रथम बार योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। जिसकी पहल भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण से की थी। योग एक प्रवृत्ति है, जो वर्षों से फल-फूल रही है, इतना ही नहीं यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बनाए रखने में एक पथ प्रदर्शक बन गया है।

योग की प्रत्येक गतिविधि लचीलेपन, शक्ति, संतुलन में सुधार और सद्भाव प्राप्त करने की कुंजी है। योग की महिमा और महत्व को जानकर इसे स्वस्थ्य जीवनशैली हेतु बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण है व्यस्त, तनावपूर्ण और अस्वस्थ दिनचर्या मे इसके सकारात्मक प्रभाव है।

सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन ने कहा, योग भारत की सदियों पुरानी ऐसी परंपरा है जिसके जबरदस्त स्वास्थ्य संबंधी लाभ हैं। यह जरूरी है कि हमारे जवान इसे ड्यूटी के अतिरिक्त अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लें जिससे वे स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन जी सकें। अंत में समस्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने स्वयं के मन को हमेशा संतुलित रखने, आत्मविश्वास में वृद्धि, परिवार, समाज,विश्व की एकता, स्वास्थ्य और शांतता के वृद्धि के लिए योग को सदैव अपनाए रखने का संकल्प लिया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411